

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

एक गलती से रकुल प्रीत सिंह बेड रेस्ट पर

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 191 ■ गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## अंबरनाथ में शिवसेना विरुद्ध शिवसेना में टक्कर

- मुरबाड व उल्हासनगर शरद पवार राकांपा की झोली में
- भालेराव-कालानी में रस्सीखेच
- 18 अक्टूबर को जारी हो सकती है पहली सूची







**अंबरनाथ।** अंबरनाथ विधानसभा की जगह महायुति द्वारा शिवसेना शिंदे गट को दिए जाने एवं महाविकास आघाड़ी से ये जगह शिवसेना उबाठा के लिए छोड़ दी है. ऐसा विश्वसनीय जानकारी मिली है. शिंदे गट से डॉ. बालाजी किणीकर ही उम्मीदवार होंगे, तो उबाठा से कोई नाम अभी सामने नहीं आया है जिसमें वानखेड़े के नाम की चर्चा है। उल्हासनगर निर्वाचन क्षेत्र से महाविकास आघाड़ी की ओर से राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार गट को छोड़ी गई है जिसमें भगवान भालेराव और ओमी कालानी के बीच रस्सीखेच है। समझा जा रहा है कि 18 अक्टूबर को सूची जारी की जाएगी। ऐसा विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है. महायुति से भाजपा की झोल में ये जगह डाली गई है. लगभग ऐसा निश्चित हो चुका है, तो भिवंडी पश्चिम से कांग्रेस का उम्मीदवार होगा, क्योंकि यहां से उम्मीदवारी प्राप्त करने के लिए दयानंद चोरघे ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था. मुरबाड और शहापुर ये दोनों जगह शरद पवार राकांपा को दिए गए हैं, ऐसा निर्णय हो चुका है. मुरबाड मतदार संघ से कौन उम्मीदवार होगा, मालूम नहीं पड़ सका है. महायुति शिवसेना शिंदे से वामन म्हात्रे द्वारा ये दबाव डाला जा रहा है कि ये जगह उन्हें दी जाए, जबकि यहां से भाजपा के किशन कथोरे विधायक हैं. उनके और भाजपा के पूर्व सांसद कपिल पाटिल के बीच जोरदार रस्सीखेच चर रही है.

# ‘आचार संहिता का पालन करना होगा’

- जिला चुनाव निर्णय अधिकारी अशोक शिंगारे ने राजनीतिक दलों का किया मार्गदर्शन
- आयोग की गाइडलाइन के अनुसार चुनाव खर्च करने के निर्देश






**ठाणे.** जिला निर्वाचन निर्णय अधिकारी एवं कलेक्टर अशोक शिंगारे ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आचार संहिता लागू होने के बाद क्या करना है, क्या नहीं करना है, नामांकन पत्र कैसे भरना है, इसके बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया. उन्होंने अपील की कि सभी लोग आचार संहिता का सख्ती से पालन करें और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही चुनाव खर्च करें।

विधानसभा आम चुनाव-2024 की पृष्ठभूमि में ठाणे कलेक्टर एवं जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिंगारे की अध्यक्षता में समिति कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई थी, वे उस समय बोल रहे थे.

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रमुख एवं नोडल अधिकारी विजयसिंह देशमुख, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैशाली माने, एमसीएमसी समिति के सदस्य सचिव एवं नोडल अधिकारी (मध्य कक्ष) मनोज शिवाजी सानप, व्यय नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी सत्यवान उबले, दिलीप सूर्यवंशी, वैजनाथ बुरूडकर, आचार संहिता प्रकोष्ठ सहायक नोडल अधिकारी सुकेशिनी पगारे, तहसीलदार सैली भगत, प्रदीप कुदाल एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस समय कलेक्टर शिंगारे ने कहा, भारत सरकार के पोर्टल पर इस संबंध में सारी विस्तृत जानकारी है. इसे संदर्भ के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए. विशेषकर नामांकन पत्र को लेकर सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है. राजनीतिक दलों को बूथवार प्रतिनिधि नियुक्त करने चाहिए। सभी को आचार संहिता का सख्ती से पालन करना चाहिए।

### शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 1950

कलेक्टर शिंगारे ने बताया कि यदि रिश्वतखोरी, अनुचित प्रभाव, मतदाताओं को डराने-धमकाने संबंधी कोई शिकायत हो तो जिला शिकायत नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचना दें। यह कमरा 24 घंटे खुला रहता है. राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग के विभिन्न एप्स का लाभ उठाना चाहिए और नागरिकों को भी इन एप्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए.

### जिले में 18 विधानसभा क्षेत्र

ठाणे जिले में 134-भिवंडी ग्रामीण (एडी), 135-शाहपुर (एडी), 136-भिवंडी पश्चिम, 137-भिवंडी पूर्व, 138-कल्याण पश्चिम, 139-मुरबाड, 140-अंबरनाथ (एडी), 141-उल्हासनगर, 142 -कल्याण पूर्व, 143-डोंबिवली, 144-कल्याण ग्रामीण, 145-मीरा भयंदर, 146-ओवला माजीवाड़ा, 147-कोपरी पचपाखाड़ी, 148-ठाणे, 149-मुंब्रा कलवा, 150-ऐरोली, 151- बेलापुर में 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें कुल 6 हजार 894 मतदान केंद्र हैं। निर्वाचन कार्य हेतु जिले में पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध है तथा वास्तविक कार्य हेतु 35 हजार मानवशक्ति की आवश्यकता है।

### पूरे राज्य में आचार संहिता लागू

भारत निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की। इसी के तहत पूरे जिले और प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है. महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में होंगे और मतदान प्रक्रिया 20 नवंबर, को आयोजित की जाएगी, जबकि मतगणना प्रक्रिया 23 नवंबर को आयोजित की जाएगी। विधानसभा आम चुनाव-2024 की पृष्ठभूमि में ठाणे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के समिति कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत की और विधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक शिंगारे ने चुनाव संबंधी विभिन्न विषयों जैसे चुनाव कार्यक्रम, समन्वय अधिकारी, आचार संहिता, चुनाव व्यय नियंत्रण, जिले में मतदाताओं के आंकड़े, मतदान केंद्र की जानकारी, डाक मतपत्र, चुनाव सुविधाएं ऐप दी गईं, ईवीएम-वीवीपैट विवरण के बारे में जानकारी दी।,

#### पूरी प्रक्रिया......

**आवेदन प्रारंभः-** 22 अक्टूबर 2024 **आवेदन की अंतिम तिथिः-** 29 अक्टूबर 2024 **आवेदन जांचः-** 30 अक्टूबर 2024 **आवेदन वापसी की तिथिः-** 4 नवंबर 2024 **मतदान तिथिः-** .20 नवंबर 2024, **मतगणना तिथिः-** 23 नवंबर 2024।

### जिले में कुल 71 लाख 55 हजार 728 मतदाता

15 अक्टूबर 2024 तक ठाणे जिले में कुल 71 लाख 55 हजार 728 मतदाता हैं. इसमें पुरुष मतदाताः 38 लाख 13 हजार 264, महिला मतदाताः 33 लाख 41 हजार 70, अन्य/तीसरे पक्ष के मतदाताः 1 हजार 394 शामिल हैं। इसके अलावा सैन्य मतदाता 1 हजार 599, एनआरआई मतदाता 977, दिव्यांग 37 हजार 854, 18-19 आयु वर्ग के 1 लाख 65 हजार 597 और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 57 हजार 209 मतदाता हैं.

## अंबरनाथ नपा ने बैनर, पोस्टर्स, होर्डिंग को हटा दिया

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में सड़कों के आसपास चौक पर लगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर्स एवं होर्डिंग्स को हटाने का कार्य अंबरनाथ नगर परिषद के अतिक्रमण विभाग ने शुरू कर दिया है. मंगलवार को शाम में जैसे ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई, उसके तुरंत बाद से पहले केबी सड़क के आसपास के सभी बैनर हटाए गए. दो दिनों के भीतर सभी पक्ष के बैनल हटा दिए जाएंगे. ऐसा अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे ने कहा है. उन्होंने कहा है कि प्रशासक प्रशांत रसाल, मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर तथा आरओ प्रशांत जोशी के मार्गदर्शन में पक्ष के बैनर हटाने का कार्य शुरू है. जिसके लिए अतिक्रमण विभाग की चार टीम बनाई गई है. जो गली कूचे में भी लगे बैनरों को हटा रही है. मुख्य चौक पर अब पक्ष के बैनर दिखाई नहीं दे रहे हैं. आचार संहित उल्लंघन संबंधी सबी राजनीतिक दलों के लगे छोटे बड़े सभी बैनर, होर्डिंग को लगभग हटा दिया गया है. अब शहर में होर्डिंग और बैनर से विद्रूप शहर साफ हो गया है. नगर परिषद द्वारा इस बाद की भी दक्षता ली जा रही है कि कोई राजनीतिक पक्ष का नेता शहर में बैनर ना लगाए, वरना उन पर आचार संहित भंग का मामला भी दर्ज हो सकता है.

## 3 अधिकारियों की सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नति



**उल्हासनगर.** वर्षों से एक ही विभाग में तैनात 54 कर्मचारियों और अधिकारियों का तबादला करने के बाद, आयुक्त विकास ढाकने ने तीन को सहायक आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया है। कुल 49 कर्मचारियों को वरिष्ठ लिपिक, तारतंत्री, विजतंत्री अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

उल्हासनगर मनपा में प्रमोशन का मामला वर्षों से लटका हुआ था। श्रमिक संघ ने पदोन्नति के साथ-साथ अनुकंपा के आधार पर कर्मचारियों की भर्ती की मांग की थी। इस बीच, आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गावस ने मंगलवार को 55 ऐसे कर्मचारियों का तबादला कर दिया, जिन्होंने वर्षों से एक ही विभाग में एकाधिकार बना रखा था। उसके बाद अलका पवार, सलोनी निवकर, विशाल कदम को सहायक आयुक्त और दो को अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया. इसके साथ ही 12 लिपिकों को वरिष्ठ लिपिक के पद पर, 6 को विजतान्त्री के पद पर तथा 17 लिपिकों को तरतन्त्री के पद पर पदोन्नत किया गया। मनपा आयुक्त ढाकने के साहसिक निर्णय से पहली बार मनपा को 3 स्थानीय सहायक आयुक्त मिले हैं और भविष्य में उपायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के पद पर पदोन्नति की संभावना है.




मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में उपायुक्त विजय खेडकर और सहायक आयुक्त सुनील लोंढे ने कई वर्षों से रुकी सामान्य प्रशासन विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया को गति दी. पहले चरण में कर्मचारियों को 3 सहायक आयुक्त, 2 अधीक्षक, 12 वरिष्ठ लिपिक, 6 इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और 17 इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के पदों पर पदोन्नत किया गया और उनकी आने वाली दिवाली को मीठा किया गया। लेंगरेकर ने कहा कि आचार संहिता के बाद दूसरे चरण में बचे हुए कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उनकी पदोन्नति पर निर्णय लिया जाएगा. प्रशासन कई वर्षों से कर्मचारियों के जिम्मे चला आ रहा है और पहली बार नगरपालिका सेवा में एक सहायक आयुक्त को पदोन्नत अधिकारी के रूप

### प्रभारी अधिकारियों के तबादले की मांग

मनपा में क्लास-1 और क्लास-2 के पद खाली होने के कारण तत्कालीन आयुक्त ने इस पद का प्रभार क्लर्क स्तर के कर्मचारी को दे दिया था. अधिकांश कर्मचारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के जाल में फंस चुके हैं। चूँकि वे अधिकारी वर्षों तक एक ही पद पर बने रहे, इसलिए उन्होंने उस विभाग में एकाधिकार बना लिया। ऐसे कर्मचारियों को उनके मूल पद पर स्थानांतरित करने और इसके एकाधिकार को तोड़ने की मांग की जा रही है.

## आशीष दामले परशुराम आर्थिक विकास निगम के अध्यक्ष नियुक्त

**बदलापुर.** राज्य सरकार ने कुछ दिन पहले ब्राह्मण समुदाय के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम स्थापित करने की घोषणा की थी. बदलापुर के आशीष दामले को इस निगम का अध्यक्ष चुना गया है। आशीष आनंद दामले एनसीपी (अजित पवार) पार्टी के पदाधिकारी हैं. उनकी नियुक्ति से यह चर्चा है कि ठाणे जिले में पार्टी को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है.

सितम्बर माह में राज्य सरकार ने विभिन्न जातियों एवं समूहों के लिए आर्थिक विकास निगम की स्थापना की। कैबिनेट बैठक में ब्राह्मण समुदाय के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया. निगम के माध्यम से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को शिक्षा और व्यवसाय के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। इस निगम का कार्यालय पुणे में प्रस्तावित किया गया है. तो इस निगम को 50 करोड़ की अंशपूंजी दी जाएगी. इस निगम की घोषणा के बाद इस बात पर चर्चा चल रही थी कि इसका जिम्मेदार कौन होगा और यह निगम महागठबंधन में किस पार्टी के पास जाएगा.



आख़िरकार यह निगम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के पास चला गया है. बदलापुर के आशीष दामले को 14 अक्टूबर को इस निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आशीष आनंद दामले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार ग्रुप के क्षेत्रीय महासचिव के पद पर कार्यरत हैं. दामले को शरद पवार, अजित पवार का करीबी माना जाता है. एनसीपी में विभाजन के बाद उन्होंने अजित पवार का समर्थन किया था. आशीष दामले कुलगांव बदलापुर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपना नाम बनाया है। इस फैसले के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि अजित पवार ने दामले के जरिए ठाणे जिले में पार्टी को मजबूत करने की कोशिश की है.

## ...फिर भी स्कूलों की ख़राब हालत

- मनपा से मिल रहा 5 करोड़ का फंड
- सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कोरडे का आरोप



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की मरम्मत के लिए मनपा प्रशासन ने 5 करोड़ का फंड मंजूर किया है. हालांकि, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कोरडे का आरोप है कि कई स्कूल अभी भी दयनीय स्थिति में हैं. मनपा स्कूलों के रखरखाव और मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग में 5 करोड़ का प्रावधान है. शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में मनपा विद्यालयों के रखरखाव एवं मरम्मत के निर्माण कार्यों हेतु 4,90,31,998 रुपए के प्रावधान से 21 मनपा विद्यालयों के रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु व्यय दर्शाया गया है

उल्हासनगर मनपा में विकास ढाकने ने आयुक्त का पद संभालने के बाद मनपा स्कूलों में शैक्षणिक क्रांति लाने का संकल्प लिया है. इसके लिए उन्होंने वार्डवार 'मुख्यमंत्री माझी शाला सुंदर शाला' योजना के तहत चार स्कूलों को आदर्श स्वरूप देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत उन्होंने शिक्षा अधिकारी दीपक धनगर, लोक निर्माण विभाग के नगर अभियंता तरूण शेवकानी, मनपा स्कूल नं. 5. विद्यालय 13, 14, 19 एवं 29 का निरीक्षण किया है। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की, जिसके लिए उन्होंने सभी विभागों से कार्य रिपोर्ट मांगी.

### शिक्षा विभाग हमेशा विवादों में

मनपा का शिक्षा विभाग हमेशा विवाद का विषय रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह विभाग आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं. इस विभाग में चाहे कोई भी प्रशासनिक अधिकारी हो, वह नाममात्र के अधिकारी के रूप में ही काम करता है। हालाँकि, इस पर दूसरों का नियंत्रण है। साथ ही इस संभाग के स्कूलों में रख-रखाव और मरम्मत का काम लोक निर्माण विभाग नहीं करता, बल्कि शिक्षा विभाग अपनी मनमर्जी से करता है. 20 साल पहले शिक्षा बोर्ड कार्यालय को मनपा मुख्यालय से वुडलैंड भवन में स्थानांतरित किए जाने के बाद, बोर्ड कार्यालय में विभिन्न गड़बड़ियां व्याप्त हो गईं।

## ठाणे जिले में कांग्रेस से 95 उम्मीदवारों ने दिए साक्षात्कार

- अंबरनाथ से 8 तो उल्हासनगर से 3 इच्छुक उम्मीदवारों ने दिए साक्षात्कार



**ठाणे.** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे ने मंगलवार को ठाणे जिले के इच्छुक कांग्रेस उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए। करीब 95 इच्छुक उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए जा चुके है, जिनमें सबसे ज्यादा भिवंडी (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के 18 उम्मीदवार शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवारों में कल्याण ग्रामीण से कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि संतोष केणे, कल्याण (पूर्व) के लिए कल्याण जिलाध्यक्ष सचिन पोटे, अंबरनाथ से रोहित सालवे, कल्याण (पश्चिम) के लिए राजा भाई पातकर, कांचन कुलकर्णी, डोंबिवली के लिए नवीन सिंह और पॉली जैकब जैसे पदाधिकारी साक्षात्कार के लिए पहुंचे थे। हंडोरे ने कार्यकर्ताओं की क्षमताओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और चुनाव की तैयारी पर जोर दिया। भिवंडी, अंबरनाथ और कल्याण निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और कार्यकर्ता अपने काम की जानकारी साझा कर रहे हैं। हंडोरे ने कहा कि ठाणे जिले में अच्छे कार्यकर्ताओं का नेटवर्क देखता हूं। अंबरनाथ, कल्याण पूर्व-पश्चिम की मांग मजबूत है।

### कितने इच्छुक उम्मीदवार

भिवंडी-पश्चिमः 18, मुरबाडः 4, भिवंडी-पूर्वः 3, शहापुरः 2, अंबरनाथः 8, बदलापुरः 3, उल्हासनगरः 3, डोंबिवली-3, कल्याण ग्रामीण 1, कल्याण-पूर्वः 2, कल्याण पश्चिमः 6

## एसी लोकल में बढ़ी यात्रियों की भीड़



- जवानों द्वारा यात्रियों को लोकल ट्रेन में ठेले जाने की नौबत

**कल्याण.** अक्टूबर की भीषण गर्मी शुरू हो गयी है. अधिकांश यात्री हाल ही में सामान्य स्थानों की भीड़-भाड़, पसीने भरी परिस्थितियों में यात्रा करने के बजाय एसी लोकल को प्राथमिकता दे रहे हैं। कल्याण, टिटवाला, बदलापुर रेलवे स्टेशनों से सुबह के समय प्रस्थान करने वाली वातानुकूलित लोकल ट्रेनों में बहुत भीड़ होती है। इस भीड़ के कारण वातानुकूलित स्थानों के दरवाजे बंद नहीं होते। इन रेलवे स्टेशनों पर महिला, पुरुष रेलवे सुरक्षा बल के जवानों, विशेष जवानों को प्रतिदिन यात्रियों को लोकल कोच में चढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

विदित हो कि एसी लोकल तब तक शुरू नहीं होती जब तक दरवाजे बंद न हो जाएं। इस लोकल के दरवाजे समय पर बंद करने के लिए जवान अपनी पूरी ताकत लगाकर एसी लोकल के दरवाजे पर लटके यात्रियों को कोच में चढ़ा रहे हैं.

एक बार 9 बजे डोंबिवली स्टेशन से सीएसएमटी तक वातानुकूलित लोकल है और उसके बाद साढ़े दस बजे कल्याण से सीएसएमटी तक वातानुकूलित लोकल है. यदि आप 8:30 से 9:30 के बीच डोंबिवली रेलवे स्टेशन से मुंबई की ओर यात्रा शुरू करते हैं, तो आप कार्यालय समय के दौरान मुंबई पहुंच सकते हैं। इसलिए नौ बजे वातानुकूलित लोकल में यात्रियों की भीड़ रहती है। प्रत्येक यात्री नौ बजे की एसी लोकल पकड़ने के लिए संघर्ष करता है। कई यात्री दरवाजे पर लटके रहते हैं। ऐसे यात्रियों की वजह से वातानुकूलित लोकल का दरवाजा बंद नहीं होता. दरवाजे बंद होने तक एसी लोकल चालू नहीं होती है। इसलिए कल्याण, डोंबिवली रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल के जवान, विशेष जवान प्रत्येक कोच के पास खड़े होकर दरवाजे पर लटके पुरुष और महिला यात्रियों को कोच में धकेल रहे हैं।

## पांच साल में ठाणेकरों की सेवा में होगी आंतरिक मेट्रो

- आंतरिक मेट्रो का काम तेजी से शुरू हुआ

**ठाणे.** शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए विभिन्न परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। ऐसे में कई सालों से मेट्रो का सपना देख रहे ठाणेकरों का सपना जल्द ही पूरा होने वाला है. कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आंतरिक मेट्रो परियोजना का उद्घाटन करने के बाद काम में तेजी आती दिख रही है. मुख्य कार्य आम तौर पर अगले सप्ताह से शुरू हो जायेगा. इसलिए, यह अनुमान लगाया गया है कि यह मेट्रो अगले पांच वर्षों में ठाणेकरों की सेवा में प्रवेश करेगी।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठाणे के घोड़बंदर में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इसमें ठाणे शहर के भीतर की मेट्रो भी शामिल है। ठाणे में बनने वाला आंतरिक मेट्रो प्रोजेक्ट 29 किमी लंबा होने वाला है। 26 किमी लंबा रूट एलिवेटेड और 3 किमी अंडरग्राउंड होगा। इसमें 22 स्टेशन होंगे. इनमें से एक स्टेशन ठाणे रेलवे स्टेशन से जुड़ा होगा। इसलिए ट्रेन से सफर करने वाले लाखों यात्रियों को इससे फायदा होगा. मुनलुद और ठाणे के बीच बनने वाले नए ठाणे स्टेशन को एक आंतरिक मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ा जाना है।

### परेशानी मुक्त यात्रा

आंतरिक मेट्रो को रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा महानगर पालिका ने कहा कि ठाणे जाने वाली मेट्रो लाइन 4 और 5 को भी जोड़ा जाएगा. आंतरिक मेट्रो के कुछ स्टेशनों को मेट्रो चार और पांच तक बढ़ाया जा रहा है। जिससे यात्रियों का सफर बेहद आसान और जाम से मुक्त हो जाएगा. ठाणे मेट्रो की एक कार इकाई की क्षमता 6 से 8 यात्री प्रति वर्ग मीटर है। अब महामेट्रो ने नगर निगम के माजीवाड़ा स्थित बीएसयूपी के कार्यालय पर कब्जा कर लिया है। पिछले सप्ताह वे इस स्थान पर आये थे और अब यहाँ आंतरिक कार्य चल रहे हैं। यह कार्यालय जल्द ही शुरू होगा. इसलिए, यह अनुमान लगाया गया है कि मेट्रो अगले पांच वर्षों में ठाणेकर की सेवा में प्रवेश करेगी।

## खबरें गांव की...

### चलती ट्रेन की खिड़की से गिर गई बच्ची, एक घंटे बाद पटरी किनारे घायल मिली

**मथुरा.** मथुरा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां तेज रफ्तार से दौड़ रही ट्रेन की इमरजेंसी विंडो से एक आठ साल की बच्ची नीचे गिर गई। नींद के जागे परिजनों ने जीआरपी को इसकी जानकारी दी। जीआरपी व आरपीएफ ने तत्काल सर्च अभियान चला बच्ची को पटरियों के पास से बरामद कर लिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में बच्ची का केवल पैर फैक्चर हुआ था। मूलरूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में रहने वाले अरविंद तिवारी अपनी पत्नी रेखा तिवारी और आठ वर्षीय बालिका गौरी के साथ गीता जयंती एक्सप्रेस के एस थ्री कोच में टीकमगढ़ से मथुरा के लिए यात्रा कर रहे थे। पति व पत्नी की आंख लग गयी और बिरारी रेलवे स्टेशन के पास उनकी बेटी इमरजेंसी विंडों से नीचे गिर गयी। रेलवे स्टेशन ललितपुर पर ट्रेन के ठहरते ही दंपति ने जीआरपी की हेल्प डेस्क पर घटना की जानकारी दी।

### युवक की बेरहमी से हत्या, प्राइवेट पार्ट भी काटा, हत्यारों ने जमीन में दबाया शव

**बदायूं.** बदायूं से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। फिर उसके शव को तेजाब से जलाकर जमीन में दबा दिया गया। बुधवार को जब खेत में दबे शव को कुत्ते बाहर निकालने को खींच रहे थे, तब लोगों को इस घटना के बारे में पता चला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक का शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हत्यारों ने युवक का गुप्तांग भी काट डाला था। मुरादाबाद के कुदरकी थाना क्षेत्र के नागपुर गांव के रहने वाले 20 साल के आकाश का ननिहाल बदायूं के फैजगंज बेहटा क्षेत्र के बसोंमी गांव में था। शनिवार को वह ममरे भाई के साथ नागपुर गांव से बसोंमी गया था। जब दो-तीन दिन बाद भी युवक घर नहीं पहुंचा. आकाश को तलाशते हुए मां मुन्नी और भूरी तलाशते हुए ननिहाल भी पहुंची लेकिन उसका पता नहीं चल सका। उधर, बुधवार को गांव के बाहर स्थित एक खेत में कुत्ते जमीन नोच रहे थे। जब वहां पहुंचकर ग्रामीणों ने देखा तो दंग रह गए।

### बैंगन की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 8 लोगों को फूड पॉइजनिंग, एक बच्ची की मौत

**कानपुर.** कानपुर देहात में बैगन की बासी सब्जी खाने से एक ही परिवार के आठ लोग बीमार हो गए। आनन-फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक सात साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया। जबकि बाकि सात की हालत नाजुक है। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। ये घटना लौवापुरवा मंगलपुर गांव का है। सुनील के घर मंगलवार रात भरे हुए बैगन की सब्जी बनी थी। बुधवार दोपहर में बची हुई बासी सब्जी खाने के बाद सुनील, उसकी पत्नी पूजा, भाई राकेश व कुलदीप के अलावा सुनील की सात साल की बेटी साक्षी, आठ साल की खुशी, पांच साल की श्रद्धा और दस साल का बेटा दीपचंद्र को उल्टी-दस्त शुरू हो गई।

# उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर UT के पहले मुख्यमंत्री

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को हराने वाले सुरेंदर चौधरी डिप्टी CM
- कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं



**जम्मू.** नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वे इस केंद्र शासित राज्य के पहले सीएम बन गए। कार्यक्रम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में हुआ।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई है। हालांकि उमर के शपथ समारोह में राहुल और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। पार्टी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

शपथ लेने के बाद उमर ने कहा कि उनकी गाड़ी के लिए सड़क पर कोई भी ग्रीन कॉरिडोर या ट्रैफिक नहीं रोका जाएगा। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी ऐसा ही करें। उमर का कहना है कि वे जनता की सेवा के लिए हैं, न कि उन्हें तकलीफ देने के लिए।

#### भाजपा बोली- उम्मीद है शांति स्थापित करेंगे

जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा- मैं उमर अब्दुल्ला को बधाई देता हूं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। उनके मंत्रिपरिषद को भी बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने और जनता के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए काम करेंगे।

#### PDP बोली- लंबे समय बाद स्थिर सरकार

PDP चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा- मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देती हूं, क्योंकि उन्हें लंबे समय के बाद एक स्थिर सरकार मिली है। 5 अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए यह बहुत कठिन समय था। हमें उम्मीद है कि जो सरकार बनी है वह सबसे पहले घावों को भरेगी और लोगों की समस्याओं और पीड़ाओं को हल करेगी।

### कांटों भरा ताज है, अल्लाह मदद करे : फारूक अब्दुल्ला

- नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 6 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। कुछ निर्दलियों को साथ लेकर लगभग अपने दम पर ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यह सरकार बनाई है। फिर भी उमर अब्दुल्ला की शपथ के बाद उनके पिता फारूक अब्दुल्ला का बयान आया है। उन्होंने बेटे को मिली सीएम पद की कुर्सी को कांटों भरा ताज बताया है। उन्होंने कहा कि यह 'कांटों का ताज' है और अल्लाह लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में उनकी मदद करे। अपने दादा से प्रेरणा लेते हुए उमर अब्दुल्ला के बेटे जहीर अब्दुल्ला ने कहा कि नई सरकार की पहली प्राथमिकता राज्य का दर्जा बहाल करना है।
- फारूक अब्दुल्ला ने शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में शपथ ग्रहण समारोह के बाद कहा, 'राज्य चुनौतियों से भरा है और मुझे उम्मीद है कि यह सरकार वही करेगी जो उसने चुनाव घोषणापत्र में वादा किया था। यह कांटों का ताज है और अल्लाह उन्हें (उमर को) सफलता दिलाए और वह लोगों की उम्मीदों को पूरा करें। यह मेरा संदेश है।' जहीर अब्दुल्ला ने कहा, 'राज्य का दर्जा मिलने के बाद, अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए हमारा असली संघर्ष शुरू होगा। अनुच्छेद 370 हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।'

## गेहूं और सरसों सहित कई फसलों की MSP बढ़ाई

- किसानों को तोहफा

**नई दिल्ली.** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने रबी विपणन सत्र 2025-26 के लिए 6 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की घोषणा की है। इस अधिसूचना के तहत किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में मुख्य रूप से गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों और केसर (सैफ्लॉवर) शामिल हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गेहूं, चना और सरसों समेत रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी। गेहूं का एमएसपी 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,275 रुपये से 2,425 रुपये कर दिया गया है। सरसों का एमएसपी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये और चना का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 5,650 रुपये कर दिया गया है।

## नायब सैनी ही रहेंगे हरियाणा के CM

- शाह की मौजूदगी में नाम तय
- राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया



**चंडीगढ़.** हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में BJP विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी।

इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्जर्वर के तौर पर मौजूद रहे।

इसके बाद नायब सैनी ने अमित शाह के साथ राजभवन जाकर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान 3 निर्दलीय विधायकों ने भी BJP को समर्थन का पत्र सौंपा।

आज गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें PM नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और NDA के सहयोगी दलों के शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 37 नेता मौजूद रहेंगे। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं।

## छपरा-सीवान में जहरीली शराब से 7 की मौत

- एक की हालत गंभीर
- 1 की आंख की रोशनी गई

**सीवान.** सीवान और सारण में जहरीली शराब से 7 लोगों की मौत हो गई है। सीवान में 5 की मौत हुई है, जिसमें 4 की जानकारी जिला प्रशासन ने दी है। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया है। सारण में 2 मौत हुई है। यहां जिला प्रशासन ने जहरीली शराब पीने से मौत की पुष्टि की है। सारण में हुई घटना मशरख ब्लॉक के इब्राहिमपुर गांव की है। यहां रिश्ते में 3 भाइयों ने बीती रात मछली के साथ शराब पार्टी की थी। इनमें इस्लामुद्दीन अंसारी (32) की आज सुबह मौत हो गई। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा है।

इसके अलावा छपरा सदर अस्पताल लाए गए 2 लोगों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जिसमें शमसाद नाम के शख्स की रास्त में मौत हो गई। तीसरे भाई की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। सुबह उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद आंख की रोशनी भी कम होने लगी थी।




#### मछली पार्टी में भाइयों ने मंगवाई थी शराब

छपरा के मशरख में मछली पार्टी के दौरान जहरीली शराब भी मंगवाई गई थी। मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में सोमवार की रात इस्लामुद्दीन ने अपने चचेरे भाइयों के साथ मछली पार्टी की थी। इसमें स्प्रिट वाली देसी शराब भी थी। मंगलवार की सुबह 9 बजे के आसपास सभी की तबीयत बिगड़ने लगी और बुधवार की सुबह 9 बजे के आसपास इस्लामुद्दीन की मौत हो गई। मुमताज और शहजाद की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। तीनों को पटना रेफर किया गया था। पटना ले जाने के दौरान शहजाद की भी मौत हो गई है। इस्लामुद्दीन, मुमताज और शहजाद तीनों चचेरे भाई हैं। बताया जा रहा है कि सीवान के माघर कौड़िया गांव से ये शराब आई थी। मशरख थाना क्षेत्र में सेवन करने वाले युवक सारण जिले के आखिरी गांव इब्राहिमपुर के रहने वाले हैं।

**बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में पुलिस का खुलासा**

## शूटर्स ने 3 महीने प्लान बनाया, यूट्यूब से फायरिंग सीखी; कई बार बाबा के घर गए

**मुंबई.** NCP अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश 3 महीने पहले ही बन रही थी। आरोपी कई बार बिना हथियार के बाबा के घर भी गए थे। यह खुलासा मुंबई क्राइम ब्रांच ने मंगलवार रात किया।

पुलिस के मुताबिक पूरी प्लानिंग पुणे में की गई। शूटर गुरमैल सिंह और धर्मराज कश्यप ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर शूटिंग सीखी थी। ये लोग मुंबई में बिना मैगजीन के शूटिंग प्रैक्टिस करते थे।

12 अक्टूबर की रात बाबा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वे बेटे जीशान के बांद्रा में बने दफ्तर में थे। बाहर निकलते ही उन पर 6 गोलियां चलाई गईं थीं।

वारदात के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। चौथा आरोपी हरीश बालकराम 15 अक्टूबर को बहराइच से पकड़ा गया। 3 अब भी फरार हैं। मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई की गैंग ने ली है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने अब तक 15 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें घटना के वक्त मौजूद कई चश्मदीद गवाह भी शामिल हैं।



### मुंबई पुलिस के 3 खुलासे...

- 15 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया चौथा आरोपी हरीश बालकराम बिचौलिया था। गिरफ्तार आरोपी प्रवीण और शुभम लोनकर (फरार) ने गिरफ्तार शूटर गुरमैल सिंह और धर्मराज कश्यप को 2 लाख रुपए दिए थे। यह पैसे हरीश के जरिए पहुंचाए गए थे। हरीश, प्रवीण और शुभम का चचेरा भाई है।
- पैसों के साथ शूटरों को दो मोबाइल फोन भी मुहैया कराए गए थे, हरीश पिछले 9 सालों से पुणे में रह रहा है। आरोपी चैटिंग के लिए स्नैपचैट ऐप और कॉल करने के लिए इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करते थे।
- बाबा सिद्दीकी को पहचानने के लिए आरोपियों को बाबा की फोटो दी गई और बताया गया कि यही टारगेट है। घटना से 25 दिन पहले घर और ऑफिस की रेकी भी की गई थी।

**झारखंड विधानसभा चुनाव**

## BJP जारी कर सकती है पहली लिस्ट

- 25 सीटों पर नाम फाइनल
- 68-70 सीटों पर पार्टी उतारेगी उम्मीदवार

**रांची.** झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। बीजेपी आज 25 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, कुल 81सीटों में से इस बार बीजेपी 68-70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। इनमें 60 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय हो चुके हैं। बाकी की कुछ सीटें अपनी सहयोगी पार्टी जदयू और आजसू के लिए भी छोड़ी जाएंगी। वहीं, लोजपा से भी बात चल रही है।

#### केंद्रीय चुनाव समिति में लिस्ट फाइनल

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने नामों की लिस्ट फाइनल की है। इससे पहले प्रदेश के नेताओं और केंद्रीय नेताओं ने सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की एक सूची तैयार कर ली थी। इस सूची को प्रदेश के शीर्ष नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में हुई केंद्रीय समिति की बैठक में रखा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं ने लगभग दो घंटे तक इस लिस्ट पर चर्चा की।

## मस्जिद के अंदर 'जय श्री राम' के नारे लगाना अपराध नहीं

- हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया केस

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मस्जिद के अंदर 'जय श्री राम' के नारे लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इससे किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची है। आपको बता दें कि कोर्ट का यह यह आदेश पिछले महीने पारित किया गया था। मंगलवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। शिकायत के अनुसार, दक्षिण कन्नड़ जिले के दो लोग पिछले साल सितंबर में एक रात एक स्थानीय मस्जिद में घुस गए और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने उन पर भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। दोनों के खिलाफ धारा 295 ए (धार्मिक विश्वासों को ठेस पहुंचाना), 447 (आपराधिक अतिक्रमण) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## ISRO बता रहा है कहां आग लगी, आप मना कर रहे हो

- हरियाणा-पंजाब पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली.** NCR में वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया है। पराली जलाने के मामले में अदालत ने पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब किया है। शीर्ष न्यायालय ने दोनों राज्यों को कानून तोड़ने वालों के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर कड़ी फटकार भी लगाई। कोर्ट का कहना है कि पंजाब और हरियाणा ने बीते 3 सालों में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सिर्फ मामूली जुर्माना लगाया। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अभय एस ओक, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस ए अमानुल्लाह ने CAQM यानी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी फटकार लगाई है। कोर्ट ने CAQM को 'बगैर दांत' वाला करार दिया और कहा कि यह अपने ही आदेश लागू नहीं करा पाया।

जस्टिस ओक ने कहा, 'पंजाब और हरियाणा की तरफ से कौन पेश हुआ है? आयोग के कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से जुड़े मामले से निपटने के योग्य नहीं है। आदेश का बिल्कुल पालन नहीं हुआ। हमारा पिछला और 10 जून का आदेश भी देखें। अब तक एक भी मुकदमा नहीं हुआ। सबकुछ सिर्फ कागजों पर है।' इसपर वकील ने कहा कि इस साल 17 FIR दर्ज की गई है।

कोर्ट ने कहा, 'लेकिन यह सब BNS के किसी प्रावधान में हुआ है। उस प्रावधान में नहीं, जिसकी जरूरत है। हम आपको बहुत साफ-साफ कह रहे हैं। हम आपको 1 सप्ताह का समय देते हैं और अगर पालन नहीं हुआ, तो हम मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का आदेश जारी करेंगे।

## 'मेहमाननवाजी के लिए थैंक्यू शहबाज शरीफ'

**पाकिस्तान से रवाना हुए विदेश मंत्री जयशंकर**



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन में भाग लेने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को भारत रवाना हो गए। भारत रवाना होने से पहले जयशंकर ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, इस्लामाबाद से प्रस्थान करते हुए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार और पाकिस्तान सरकार को मेहमाननवाजी और शिष्टाचार के लिए धन्यवाद।

विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं।

## रोहित बोले- अनफिट शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते

- कहा- हम उन्हें 100% फिट चाहते हैं
- 22 नवंबर से टेस्ट सीरीज




तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले बेंगलुरु में कहा कि वे चोटिल शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते हैं।

37 साल के भारतीय कप्तान ने शमी की फिटनेस पर पूछे गए सवाल पर कहा- 'ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए शमी को लेकर फैसला करना मुश्किल है। उनके घुटनों में सूजन है, जिसके कारण वे थोड़ा पिछड़ गए हैं और उन्हें दोबारा शुरू करना होगा। वे NCA में हैं। हम उस शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते, जो पूरी तरह से तैयार नहीं हो। देखते हैं क्या होता है।'

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है, 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। टीम इंडिया को इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। वनडे वर्ल्डकप में चोटिल हुए थे शमी मोहम्मद शमी पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान चोटिल हुए थे। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड कप कप फाइनल मुकाबला था।

भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में मिली थी। तब स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-1 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को जीत मिली है।

## यूरिन से आटा गूंथकर मेड ने अपने बनाई रोटी

- गाजियाबाद में बिजनेसमैन का पूरा परिवार बीमार
- किचन में कैमरा लगाने के बाद पकड़ी गई

**गाजियाबाद.** गाजियाबाद में एक नौकरानी बिजनेसमैन के किचन में टॉयलेट करते हुए पकड़ी गई। वह बर्तनों में टॉयलेट करती थी। आरोप है कि इसके बाद खाना बनाने में इसका इस्तेमाल करती थी। बिजनेसमैन का पूरा परिवार बीमार रहने लगा। शक हुआ तो बिजनेसमैन की पत्नी ने चुपचाप मोबाइल का कैमरा ऑन करके किचन में रख दिया। इसमें वह बर्तन में टॉयलेट करते हुए पकड़ी गई।

पत्नी ने पुलिस से शिकायत की। नौकरानी को हिरासत में ले लिया गया है। वह ऐसा क्यों करती थी, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने संक्रामक रोग फैलाने की धारा में महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है।



#### किचन से टॉयलेट की बदबू आई तो शक हुआ

मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की सोसाइटी का है। यहां रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी ने FIR में लिखवाया, ₹महिला पिछले 8 साल से घर पर खाना बना रही है। कई महीनों से हमारा परिवार बार-बार बीमार हो रहा था।

इलाज कराने पर भी आराम नहीं मिला। मुझे कई बार रसोई से टॉयलेट की बदबू आई। शक हुआ तो 14 अक्टूबर को मैंने मोबाइल कैमरे की वीडियो रिकॉर्डिंग ऑन करके उसे किचन में छिपा दिया। घरेलू सहायिका के जाने के बाद मैंने रिकॉर्डिंग चेक की तो मेरा शक सही निकला। वो रसोई के बर्तन में ही टॉयलेट करती पाई गई।

इसके बाद उसी टॉयलेट से रोटियां बनाईं। मुझे शक है कि ये काफी लंबे समय से चल रहा है और इसी वजह से मेरा परिवार बीमार रहता है। हमने जब नौकरानी से पूछा तो तुरंत घर से भाग गई।₹

#### पहले मना किया, वीडियो दिखाया तो चुप हो गई

पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। शुरुआती पूछताछ में उसने ऐसा करने से मना किया। पुलिस ने जब उसको वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाई तो वो कुछ बोल नहीं पाई। फिलहाल पुलिस यह पता कर रही है कि आखिर वह ऐसा क्यों कर रही थी।

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती प्रसिती सतिष शाहणे सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पुत्र श्री. सतिष मधुकर शाहणे का देहांत 20 मई 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 8931 है और परमिट नं. 8869/कल्याण जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 8931 मेरे श्रीमती प्रसिती सतिष शाहणे के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

**श्रीमती प्रसिती सतिष शाहणे**
चाल नं. 2, रुम नं. 4, भगवान म्हात्रे चाल,
रघुनाथ नगर, उल्हासनगर-4

**संक्षेप...**

### 10वें फ्लोर पर आग:2 बुजुर्ग समेत 3 की मौत

**मुंबई.** मुंबई के अंधेरी इलाके में एक 14 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह आग लग गई। आग से 2 बुजुर्ग समेत 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अंधेरी इलाके के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के रिया पैलेस बिल्डिंग के 10वें फ्लोर पर सुबह करीब 8 बजे आग लगी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन तब तक फ्लैट में रह रहे 2 बुजुर्ग और उनका नौकर बुरी तरह झुलस चुके थे। तीनों को गंभीर हालत में कूपर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और पेलुबेटा (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी।

# महाराष्ट्र में 'बड़े भाई' की भूमिका में दिखेगी भाजपा

■ **जानिए महायुति में किसकी-कितनी सीटों पर दावेदारी?**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है. सत्तारूढ़ बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति आज 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा सकती है. इस संबंध में पार्टी की बड़ी बैठक होने जा रही है. इसमें नामों पर मंथन किया जाएगा और उसके बाद नाम फाइनल किया जाएगा.

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं. राज्य में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) गठबंधन की सरकार है. 2019 के चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा 105 सीटें जीती थीं. इस बार भी महायुति पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरने जा रही है और सीट शेयरिंग पर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है.



वर्तमान में बीजेपी के 103 विधायक हैं. शिवसेना (शिंदे) के पास 40 विधायक और एनसीपी (अजित) के पास 43 विधायक हैं.

माना जा रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी सत्तारूढ़ गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में रहेगी. यानी सबसे ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है. उसके बाद शिवसेना और एनसीपी के उम्मीदवार होंगे. एनडीए कुछ सीटें अपने छोटे सहयोगियों को दे सकती है. राज्य में इस बार एक ही चरण में सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे.

**CEC की बैठक**

चुनाव की तैयारियों और उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए जाने को लेकर बीजेपी लगातार बैठकें कर रही है. सूत्रों का कहना है कि बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा सकती है.

**155 से 160 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है बीजेपी**

सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी 155 से 160 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है. शिवसेना (शिंदे) 90 से 95 सीटें मांग रही है और एनसीपी (अजित पवार) भी करीब 50 सीटों पर दावेदारी ठोक रही है. हाल ही में लोकसभा चुनावों में भी बीजेपी सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ी थी. पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीजेपी जल्द ही अपने सीट शेयरिंग पर गठबंधन के सहयोगियों से बातचीत करेगी और सीटों का बंटवारे करेगी.

# भिवंडी पूर्व विधानसभा चुनाव की खातिर प्रशासन तैयार

■ **चुनाव निर्णय अधिकारी अमित सानप ने पत्रकार परिषद में दी जानकारी**

**भिवंडी.** भारतीय चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सरकारी यंत्रणा चुनाव काम पर लग चुकी है। भिवंडी पूर्व विधानसभा मतदारसंघ चुनाव की खातिर सरकारी मशीनरी पूर्णतया तैयार होने की जानकारी भिवंडी पूर्व विधानसभा मतदारसंघ चुनाव निर्णय अधिकारी अमित सानप ने पत्रकार परिषद में दी. उन्होंने चुनाव तैयारी के बारे में समग्र जानकारी देते हुए बताया कि, भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 15 अक्टूबर तक 3 लाख 70 हजार मतदाता सूचीबद्ध हुए जिसमें 2 लाख 13 हजार 368 पुरुष 1लाख 56 हजार 34 स्त्री व 187 अन्य सहित 14 सैनिक मतदार एवं 2 विदेशी मतदार शामिल हैं.विधानसभा चुनाव की खातिर 335 मतदान



केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 84 इमारत में 230 मतदान केंद्र ग्राउंड पर,47 मतदान केंद्र मंडप में व 51 मतदान केंद्र पार्टीशन में बनाए गए हैं.

प्रत्येक मतदान केंद्र के बाहर मतदाता को रुकने के लिए मंडप व्यवस्था में कुर्सी,पीने का पानी की व्यवस्था की जाएगी.2019 में हुए लोकसभा चुनाव में उक्त मतदार संघ में 46.94 % एवं विधानसभा चुनाव में 47.39 % मतदान हुआ था. 2024 में लोकसभा चुनाव में 49.69 % मतदान हुआ जो 2% बढ़ा है .चुनाव में अधिकाधिक वोटरों को मतदान करने के लिए जनजागृती कार्यक्रम चलाकर बीएलओ की मदद से वोटरों को जानकारी देकर दिव्यांग व वयोवृद्ध मतदार के घर पर मतदान की व्यवस्था की जाएगी.

चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटित हो,पैसा,शराब का उपयोग नहीं होने के लिए मतदार संघ के प्रवेश स्थान निंबवली, साईबाबा नाका, नदीनाका व सोनाले में 24 घंटे एसएसटी पथक तैनात होगा.इसके अलावा 12 विजिलेंस पथक व सतर्कता बल तैनात किया जाएगा.

चुनाव प्रचार के दरम्यान वीडियोग्राफी के लिए 6 पथक तैयार किया गया है. प्रत्याशियों की विविध परवानगी लेने की खातिर एक खिडकी योजना व नियंत्रण कक्ष तैयार कर टोल फ्री क्रमांक 18002331114 व 02522 230200 नंबर उपलब्ध किया गया है. मतदार संघ का स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र भादवड स्थित स्व.संपदा नाईक सभागृह में बनाया

# भिवंडी में चल रहे अवैध मटका, जुआ के अड्डे बंद हों

■ **राकां भिवंडी शहर जिला की ओर से पुलिस उपायुक्त को निवेदन**

▶▶**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** भिवंडी राकां अजीत पवार गट शहर जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने शहर में कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले अपराधियों को तड़ीपार करने व शहर में अवैध रूप से संचालित मटका, जुआ एवं क्लबों को बंद कर कार्रवाई करने की मांग एक ज्ञापन देकर भिवंडी पुलिस उपायुक्त से की है.



गौरतलब हो कि,राका अजीत गट जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने पुलिस उपायुक्त को सौंपे पत्र में कहा है कि, भिवंडी शहर में सभी जाति और धर्म के लोग रहते हैं. कई बार कुछ अपराधियों द्वारा शहर में दंगा कराने का प्रयास किया गया है लेकिन पुलिस व्यवस्था की अच्छी कार्यप्रणाली के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी. भिवंडी शहर में मध्यम वर्ग के नागरिकों का अनुपात अधिक है.शहर के सभी नागरिक अपने व्यवसाय या दैनिक कार्य में व्यस्त हैं. लेकिन चूंकि शहर में कुछ अपराधी हैं, इसलिए शहर में अपराध दर बढ़ रही है. शहर में जुआ, मटका, क्लब जैसे अनाधिकृत कारोबार को बंद किया जाये.इसके अलावा, शहर के कुछ नगरसेवकों और राजनीतिक नेताओं के पास निर्वासन आदेश हैं और वे शहर में रह रहे हैं. ऐसे आपराधिक राजनीतिक नेताओं के कारण शहर में कानून और व्यवस्था की समस्या है. ऐसे नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जानी चाहिए. वहीं शहर से भगाए गए अपराधी वापस शहर में आकर घूमते हैं. जिसके कारण भी शहर में अपराध बढ़ रहे हैं. उन्होंने शहर में शांति व्यवस्था की बेहतरी के लिए देर रात्रि तक चलने वाले तमाम होटलों को बंद कराए जाने से हुए अपराध में कमी पर पुलिस की प्रशंसा कर अभिनंदन किया. पुलिस उपायुक्त को निवेदन सौंपते समय राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी भिवंडी शहर जिलाध्यक्ष प्रवीण एस पाटील, महिला अध्यक्षा नमिता शेखावत, गुलाम गौस खान (अध्यक्ष असंघटित कामगार विभाग भिवंडी शहर), बलवीर सिंग वाली (उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी),श्रीकांत चेतापल्ली (उपाध्यक्ष भिवंडी शहर) समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

### ठाणे कामगार अस्पताल के गेट पर शिवशांति प्रतिष्ठान ने नागरिकों को बैठने के लिए बेंच रखा

**ठाणे.** शिवशांति प्रतिष्ठान सामाजिक कार्य को लेकर सदैव तत्पर रहता है।वही ठाणे कामगार अस्पताल के गेट के सामने बस स्टैंड के पास में नागरिकों को बैठने के लिए प्रतिष्ठान की ओर से सीमेंट से बना हुआ बेंच उपलब्ध कर दिया है। इसका लाभ बस स्टैंड पर बस के राह में खड़े यात्रियों व सुबह टहलने के लिए नागरिकों को मिलेगा।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एडोकेट विनय कुमार सिंह,ज्योतिषाचार्य गोपाल मिश्र , दीपक पाठक आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने पथनाट्य कर मतदाताओं को किया जागरूक

▶▶**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** आगामी विधानसभा चुनाव 148 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की चुनावी अधिकारी उर्मिला पाटील के मार्गदर्शन में मतदान की प्रतिशत बढ़ाने के लिए मनपा के स्कूल क्रमांक 41 हिंदी स्कूल के विद्यार्थियों ने उथलसर परिसर के मुख्य सड़क पर मतदाता को जागरूक करने के लिए पथनाट्य किया।इस पथनाट्य से नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला।नागरिकों को लोकतंत्र में मतदान करने का अधिकार प्राप्त है।मतदान करना लोकतंत्र का आधारस्तंभ है। राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में बदलाव लाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए।


STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# जिलास्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में SST की लड़कियों ने कांस्य पदक जीता

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित एसएसटी महाविद्यालय की 19 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की टीम ने जिलास्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर दी।

एसएसटी महाविद्यालय की लड़कियों की टीम ने मैच के दौरान अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। उनके



कड़े परिश्रम और सामूहिक सहयोग के कारण उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के खेल विभाग ने छात्राओं को बधाई दी है और उनके परिश्रम की सराहना की है। प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और छात्राओं के अथक प्रयासों से यह सफलता प्राप्त हुई है, ऐसा कहा गया है। महाविद्यालय ने इन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके इस सफल प्रयास का सम्मान किया है।

# इंग्लिश मीडियम निरंकारी संत समागम संपन्न

■ **परम तत्व को जानने की दी गई प्रेरणा**

**भिवंडी.** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन से संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में देशभर इंग्लिश मीडियम निरंकारी संत समागमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मिशन के डोंबिवली ज़ोन का क्षेत्रस्तरीय अंग्रेजी माध्यम का संत समागम विगत रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन, भिवंडी में बड़े उत्साह के साथ भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया |

इस संत समागम के लिए विशेष रुप से बिलासपुर, छत्तीसगड से आए हुए निरंकारी प्रचारक रोहित



आर्या ने मुख्य मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए कि सत्य केवळ एक निराकार परमतत्व है और इसे जान लेना मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य है | सतगुरु की कृपा से इस परम तत्व को जाना जा सकता है | इस एक को जानकर, मानकर जब हम नित्यप्रति सत्संग, सेवा एवं सिमरण करते है तो जीवन सहज, सरल एवं सुंदर बन जाता है |

मिशन के डोंबिवली ज़ोन के प्रभारी रावसाहेब हसबे के निर्देशानुसार आयोजित इस इंग्लिश मिडियम संत समागम में भिवंडी के अतिरिक्त डोंबिवली, कल्याण, विठ्ठलवाडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापूर, टिटवाला, वाशिंद, शहापूर, कसारा, भिवंडी, मुरबाड आदि विभन्न स्थानों से बड़ी संख्या में निरंकारी श्रद्धालु शामिल हुए जिसमें युवाओं का समावेश उल्लेखनीय था. इस समागम में अनेक वक्ताओं ने अंग्रेजी भाषा का सहारा लेते हुए गीत, व्याख्यान, कविता, नाटिका प्रस्तुत करते हुए निरंकारी मिशन का संदेश दिया |

### आम सूचना

मैं श्रीमती शशिकला नायब शर्मा सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 205 के पास, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 04एओ014253200) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामचंद्र ईश्वरदिन यादव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.10.2024 सी.नं. 4800/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शशिकला नायब शर्मा**

# एक गलती से रकुल प्रीत सिंह बेड रेस्ट पर

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह बेड रेस्ट पर हैं। दरअसल, 5 अक्टूबर के दिन वह अपने जिम में एक्सरसाइज कर रही थीं। एक्सरसाइज करते वक्त उनसे एक छोटी-सी गलती हो गई जिसकी वजह से उनकी कमर में दर्द शुरू हो गया। ऐसे में डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी, लेकिन वर्क कमिटमेंट की वजह से वह आराम करने की बजाए काम करने लगीं जिसकी वजह से उनका दर्द और बढ़ गया।



**एक्सरसाइज करते वक्त की ये गलती**

फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्कआउट सेशन के दौरान रकुल कमर पर बेल्ट लगाए बिना 80 किलो का वजन उठा रही थीं। ऐसे में डेडलिफ्ट करते वक्त उनकी पीठ की नस खिंचा गई और उनकी हालत खराब हो गई। डॉक्टर ने उन्हें एक हफ्ते तक बेड रेस्ट करने की सलाह दी। किंतु रकुल को अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे 2' की शूटिंग पूरी करनी थी। ऐसे में वह पेनकिलर खाकर शूटिंग करने लगीं।

**बर्थडे पार्टी से एक घंटे पहले खराब हुई हालत**

लगातार शूटिंग करने की वजह से हर तीन-चार घंटे में उनकी कमर का दर्द उठने लगा। रकुल ने इस दर्द को नजरअंदाज किया। ऐसे में उनकी बर्थडे पार्टी से एक घंटे पहले उनकी हालत खराब हो गई। डॉक्टर्स ने बताया कि चोट लगने की वजह से रकुल की L4, L5 और S1 नसें जाम हो गई हैं। इसके बाद, डॉक्टर्स ने उन्हें दवा के साथ-साथ इंजेक्शन भी दिए। बताया जा रहा है कि अब रकुल की हालत पहले से बेहतर है। वह धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं।

### पूर्व बीजेपी सांसद के भतीजे ने की आत्महत्या

**मुंबई.** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता के 21 वर्षीय भतीजे ने मंगलवार (15 अक्टूबर) दोपहर मुंबई में आत्महत्या कर ली। युवक जिस बिल्डिंग में रहता था, उसकी छठी मंजिल से कूद गया. इस घटना की जानकारी अंधेरी पुलिस ने दी है. मृत युवक का नाम सागर रामकुमार गुप्ता है. सागर मुंबई में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था. वह अपने परिवार के साथ अंधेरी ईस्ट के अंबुजवाड़ी इलाके में हरि दर्शन बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर रहते थे।

अंधेरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी के हवाले से द प्रिंट ने इस सुसाइड केस की खबर छापी है. पुलिस ने बताया, "सागर दोपहर में कॉलेज से घर लौटा. घर आने पर उन्होंने परिवार के किसी भी सदस्य से बातचीत नहीं की। इसके बाद वह छठी मंजिल पर 'डक्ट एरिया' में गए। वहां से उसने नीचे छलांग लगा दी. कुछ राहगीरों ने उसका शव देखा तो चीख पड़े। साथ ही उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी और वे सागर को नजदीकी अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी जांच की और इलाज के लिए भर्ती करने से पहले उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि उन्हें कोई सुसाइड नोट या ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है. पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत दर्ज की है. अंधेरी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उमेश ने बताया कि "मृत युवक उत्तर प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता का भतीजा था.





उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099